कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 3 **BES–145**

# शिक्षा में स्नातक उपाधि कार्यक्रम

# ( बी. एड. )

# सत्रांत परीक्षा

# दिसम्बर, 2024

## बी.ई.एस.-145 : हिन्दी शिक्षण प्रविधि

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम भारिता : 70%*

---

***नोट :*** (*i*) *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(*ii*) *सभी प्रश्नों की भारिता समान है।*

---

1. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए :

   हिन्दी शब्द भण्डार को व्युत्पत्ति तथा अर्थ के आधार पर उदाहरणों की सहायता से समझाइए।

**अथवा**

हिन्दी शिक्षण को रुचिपूर्ण बनाने के लिए दृश्य-श्रव्य साधनों का उपयोग किस प्रकार सहायक हो सकता है ? कविता पाठ में विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने के लिए कौन-सी पाठ्य-सहगामी क्रियाओं का प्रयोग किया जा सकता है ?

2. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए :

श्रवण कौशल एवं मौखिक अभिव्यक्ति कौशल के उद्देश्य, प्रकार तथा महत्व का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

कविता शिक्षण के उद्देश्य स्पष्ट कीजिए तथा इसकी विभिन्न प्रणालियों का वर्णन कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक लगभग **150** शब्दों में हो :

(क) हिन्दी शिक्षक के गुणों का वर्णन कीजिए।

(ख) व्याकरण शिक्षण का महत्व बताइए।

(ग) उपचारात्मक शिक्षण के उद्देश्य बताइए।

(घ) मातृभाषा शिक्षण के उद्देश्यों को स्पष्ट रूप से समझाइए।

(ङ) जीवनी तथा आत्मकथा में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(च) आदर्श प्रश्नपत्र की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए :

नवीं कक्षा की हिन्दी पाठ्य-पुस्तक से गद्य विधा का एक शीर्षक चुनिए तथा उस शीर्षक पर पाठ-योजना का निर्माण कीजिए। इसके अंतर्गत शिक्षण विधि के सोपानों का सोदाहरण विवेचन कीजिए।

× × × × × × ×